## प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 26.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर साझा करेंगे अपने विचार।**
- **केंद्र की ओर से राज्य को एक और ट्रेन की सौगात, गोड्डा–दौराई साप्ताहिक ट्रेन की हुई शुरुआत, सांसद निशिकांत दुबे ने गोड्डा में दिखाई हरी झंडी।**
- **जेपीएससी नियुक्ति मामले में सीबीआई अदालत का फैसला, पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद समेत दो अन्य लोगों को दो–दो वर्ष की सजा, एक–एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।**
- **नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता, गुमला में मुठभेड़ में तीन नक्सलियों मारे गये, लोहरदगा से दो नक्सली गिरफ्तार, रांची में एक अपराधी पकड़ाया।**
- **पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय भागों में बने निम्न दबाव के प्रभाव से पूर्वी सिंहभूम समेत राज्य में कई जगहों पर अगले चौबीस घंटे के दौरान भारी बारिश का पूर्वानुमान, अलर्ट जारी।**

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अपनी वैश्विक लोकप्रियता साबित करते हुए दुनिया के सबसे पसंदीदा नेता का स्थान हासिल किया है। बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के मुताबिक जुलाई 2025 में कराए गए अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में श्री मोदी को 75 प्रतिशत 'अप्रूवल रेटिंग' मिली है। यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है।

******************

केन्द्र सरकार द्वारा ढांचागत संरचना के विकास और रेल कनेक्टिविटी पर खास जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में गोड्डा को आज एक साप्ताहिक रेलगाड़ी की सौगात मिली है। सांसद निशिकांत दुबे ने गोड्डा–दौराई एक्सप्रेस रेलगाड़ी को गोड्डा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री दुबे ने कहा कि इस वर्ष गोड्डा को दो और ट्रेनों की सौगात मिलने की संभावना है।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि लखपति दीदी योजना से राज्य की महिलाएं आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। राज्यपाल ने आज जमशेदपुर में एक स्वयंसेवी संस्था की ओर से आयोजित लघु ऋण वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी देश की लाखों महिलाएं, विशेषकर ग्रामीण और वंचित वर्ग की, परंपरागत बैंकिंग प्रणाली से दूर हैं।

******************

सीबीआई की विशेष अदालत ने जेपीएससी नियुक्ति में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में आज फैसला सुनाया। न्यायालय ने इस मामले में जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार जैन और सुधीर जैन को दो–दो वर्ष की सजा सुनायी है। इसके अलावा तीनों पर एक–एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोप है कि दिलीप प्रसाद ने जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर रहते हुए कई नियुक्तियों में पद का दुरूपयोग कर अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाया था।

******************

नक्सलियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है। इस कड़ी में आज गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र में झारखंड जगुआर और जिला पुलिस ने मुठभेड़ में प्रतिबंधित नक्सली

संगठन जेजेएमपी के तीन सदस्यों को मार गिराया। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि घटनास्थल से एक एके–47 और दो इंसास राइफल बरामद किया गया है।

******************

इधर लोहरदगा में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी लेने पहुंचे दो उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसडीपीओ वेदांत शंकर ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पन्द्रह हजार रूपये नकद, एक मोटरसाईकिल और दो मोबाइल जब्त किया गया है।

******************

रांची पुलिस ने नगड़ी थाना क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी इकतीस जुलाई को झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। अपने दौरे के क्रम में राष्ट्रपति एम्स देवघर और आईआईटी आईएसएम धनबाद में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रोफेसर डॉ सुकुमार मिश्रा ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति का आभार जताया है।

******************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय भागों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र अब डिप्रेशन में बदल गया है। इसके प्रभाव से पूर्वी सिंहभूम समेत राज्य में कई जगहों पर अगले चौबीस घंटे के दौरान भारी बारिश होने पूर्वानुमान है। पूर्वी तथा पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां जिले में आज अत्यंत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अगले दो दिनों के दौरान रांची, खूंटी, सिमडेगा और लोहरदगा समेत अन्य जिलों में भारी बारिश को येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात होने की संभावना है। उधर पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां जिले में स्वर्णरेखा और खरकई नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है।

*******समाप्त********